
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 22.11.2021 से 27.11.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 'खेलो इंडिया' को लेकर समीक्षा बैठक

(दिनांक 22.11.21)



**विषय: 'खेलो इंडिया' को लेकर समीक्षा बैठक।**

**निर्णय:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में होने जा रहे 'खेलो इंडिया–2021' की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक की जिसमें निर्णय लिया गया कि :–

- 'खेलो इंडिया–2021' के लिए राज्य स्तरीय समिति गठित की जाएगी जिसकी अध्यक्षता खेल मंत्री करेंगे।
- यह समिति खेलो इंडिया के लिए आवास, खानपान, परिवहन, समारोह, खेल उपकरणों आदि की खरीद सहित 25 खेल व्यवस्थाओं की निगरानी करेगी।
- खेलो इंडिया से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर के सभी कार्य दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाएॅगें।
- खेलो इंडिया के शुभंकर 'धाकड़' और थीम सॉन्ग को जल्द ही लांच कर दिया जाएगा।
- भविष्य में खेल विभाग अपने यहां निर्माण कार्यों के लिए एक इंजिनियरिंग विंग बनाने की संभावनाओं को भी तलाशेगा।

## इजराइल के राजदूत से मुलाकात


(दिनांक 22.11.21)





**विषय: इजराइल के राजदूत से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने इजराइल के राजदूत नाओर गिलाने से चण्डीगढ़ में मुलाकात की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कृषि क्षेत्र के साथ–2 अनुसंधान, शिक्षा, स्वास्थ्य और एयरोनॉटिक्स के क्षेत्र में सहयोग को लेकर भी इजराइल राजदूत के साथ चर्चा की।

इसके साथ ही इजराइल राजदूत ने हरियाणा सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की साथ ही कहा कि भारत में इजराइल द्वारा किए गए कुल निवेश का 50 प्रतिशत हरियाणा में निवेश किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा इजराइल के साथ (H to H) अर्थात Heart to Heart संबंध बनाकर चलेगा।

## हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 23.11.21)

**विषय: हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने HPPC की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें कई खरीद प्रोजेक्ट को स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित लगभग 1000 करोड़ रूप्ये के प्रोजेक्ट को स्वीकृति प्रदान की गई जिसमें सबसे प्रमुख :–

- 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 560 करोड़ की लागत से 5 लाख टैवलेट खरीदना।
- 15 हजार टयबूवेल कनेक्शन को स्वीकृति प्रदान करना शामिल है।


## HIPA की बैठक

(दिनांक 23.11.21)



**विषय: HIPA की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान की जनरल बॉडी की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें उन्होंने कहा कि हमें कर्मचारियों को उनके कार्य संबंधित ट्रेनिंग के साथ–2 नैतिक और उनके आचरण के
संबंध में भी ट्रेनिंग देने की जरूरत है जिससे भ्रष्टाचार को मन से खत्म किया जा सके। इसके



# साप्ताहिक सूचना पत्र

लिए संस्थान एक पूर्ण रूपरेखा तैयार करे। साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन व प्रभावी शासन के लिए उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था हो इसके लिए पूर्ण रूप से समर्थित हिप्पा का एक सेंटर भी स्थापित किया जाना चाहिए। साथ अपने–2 क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सामाजिक लोगों को संस्था से जोड़कर नए आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को उनसे मिलवाना चाहिए।

## ACS के साथ समीक्षा बैठक

(दिनांक 24.11.21)

**विषय: ACS के साथ समीक्षा बैठक।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी ली गई। जिसमें बताया गया कि अब तक :–

- 546 सेवाओं को सेवा के अधिकार अधिनियम से जोड़ दिया गया है।
- जो सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं उन्हें अब ऑफलाइन अथवा पुराने ढंग से देना बदं किया जाएगा।
- जो सेवाएं सरल पोर्टल पर नहीं हैं उन सभी को सरल पोर्टल से जोड़ा जाएगा।


इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनता को सेवा का लाभ समयबद्ध व सम्मानजनक तरीके से मिलना चाहिए और इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

## कोरोना से हुई मृत्यु के कारण अनुग्रह योजना का शुभारंभ

(दिनांक 24.11.21)

**विषय: कोरोना से हुई मृत्यु के कारण अनुग्रह योजना का शुभारंभ।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कोरोना से हुई मृत्यु में परिजनों को अनुग्रह सहायता राशि देने के लिए ऑनलाइन योजना की शुरूआत की। इसके तहत कोविड–19 के कारण हुई मृत्यु के मामले में मृतक के निकटतम संबंधी को 50000 रूप्ये



# साप्ताहिक सूचना पत्र

की राशि प्रति केस के अनुसार अनुग्रह सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए अंत्योदय सरल पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है जिसमें मृत्यु प्रमाण पत्र और मृतक की कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट ही देना होगा। इसे फैमली आई.डी के माध्यम से सीधे परिजन के खाते में इस्तांतरित किया जाएगा और 30 दिनों के अंदर यह राशि मृतक के परिजन को दे दी जाएगी।

## कैबिनेट बैठक

(दिनांक 25.11.21)



**विषय: कैबिनेट बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक सम्पन्न हुई इसमें कई विषयों पर चर्चा कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई जिसमे :–

- परिवहन विभाग हरियाणा (ग्रुप बी) सेवा नियम 2021 को स्वीकृति दी गई।
- हरियाणा में इन–हाउस क्षमताओं को बढाने और लोगों को सेवाओं और योजनाओं का बेहतर लाभ देने के लिए NISG नेशनल इंस्टीटयूट फाॅर स्मार्ट गर्वनमेंट के साथ एक समझौता करने को सहमति प्रदान की गई।
- इसके साथ ही हरियाणा विधानसभा के शीतकालिन सत्र को 17 दिसंबर से शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## बावल रैली


(दिनांक 26.11.21)



**विषय– बावल रैली।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने रेवाड़ी जिले के बावल में हरियाणा प्रगति रैली में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने 40 करोड़ रूप्ये की 4 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व 42 करोड़ की 14 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 7 सालों में रेवाड़ी



# साप्ताहिक सूचना पत्र

में लगभग 7000 करोड़ रूप्ये के विकास कार्य हुए हैं जिसमें बावल में लगभग 2250 करोड़ के कार्य हुए हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि एम्स से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया गया है और जल्द ही यहां AIIMS की आधारशिला रखी जाएगी साथ ही रेवाड़ी में एक लेकर कोर्ट की शुरूआत भी की जाएगी।

## प्रधानमंत्री जी से मुलाकात


(दिनांक 26.11.21)

**विषय: प्रधानमंत्री जी से मुलाकात।**

**प्रभाव:** आज मुख्यमंत्री जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात की।



इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा में चल रही कई योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी भी प्रधानमंत्री जी को दी जिसमें मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना और ऑटो अपील साफ्टवेयर के साथ–2 हरियाणा सरकार द्वारा जमीनों की डिजिटल मैपिंग की योजना भी शामिल थी। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के लिए प्रधानमंत्री जी को आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता सर्वेक्षण–2021 में हरियाणा की अच्छी उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री जी को बधाई दी साथ ही प्रदूषण को दूर करने के लिए उठाए जा रहे सकारात्मक कदमों पर चर्चा भी की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मेवात रैली

(दिनांक 27.11.21)

**विषय: मेवात रैली।**



**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने नूंह जिले के महूँ चौपड़ा गावं में आयोजित हरियाणा प्रगति रैली को संबोधित किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने मेवात के वीर शहिदों को नमन करते हुए मेवात को वीरों की धरती कहा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने मेवात के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगभग 250 करोड़ रूप्ये की विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत की और कहा कि पिछले 5 सालों में मेवात के विकास कहे लिए सरकार ने लगभग 1300 करोड़ रूप्ये खर्च किए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने मेवात में 30 करोड़ रूप्ये की लागत से स्टेडियम बनाने, अस्पताल निर्माण, सड़क और स्कूल अपग्रेडेशन जैसी कई सौगात मेवात को दी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मेवात पिछड़ा था पर हम उसे पिछड़ा नहीं रहने देंगे।

## प्रेस वार्ता

(दिनांक 28.11.21)




**विषय– प्रेस वार्ता।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना' MMAPUY को लेकर चण्डीगढ़ में एक प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने जानकारी दी कि योजना को लेकर सभी जिलों में आने वाले 3 दिनों तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 1 लाख रूप्ये से कम सालाना आमदनी वाले परिवारों को रोजगार संबंधी योजना से जोड़कर अथवा बैकं से लोन दिलाकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे और उनकी आमदनी को बढ़ाया जाएगा। इन मेलों का आयोजन सभी ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है जिसमें 1 दिन में लगभग 500 लाभार्थी भाग ले सकेंगें।